   Pursuant to Investors Education and Protection Fund Authority (IEPFA), the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") has via its intimation dated March 27, 2026, the Company has initiated the Second 100-days Campaign - "Saksham Niveshak" from April 1, 2026 to July 9, 2026. This campaign aims to encourage shareholders to update their KYC details, bank mandates and contact information to facilitate direct payment of unpaid/unclaimed dividends to the rightful shareholders and to prevent transfer of unpaid or unclaimed dividend/Shares to Investors Education and Protection Fund (IEPF).

   Shareholders who hold shares in physical mode are requested to complete the KYC updates and convert their shares into dematerialised form. The KYC forms are available on the website of the Company at www.signpostindia.com and on the RTA's website at www.kfintech.com. For conversion of physical holding into dematerialised form, kindly reach out to your respective depository participant.

   Shareholders are requested to intimate any changes in PAN, Nomination details, contact information [postal address, mobile number, email ID], bank account details, specimen signature as follows:

- For shares held in electronic (demat) form: With your respective Depository Participant;
- For physical shareholders: With the Company or the Company's RTA - KFIN Technologies Limited.

Shareholders shall send the physical copies, self-attested and dated to the Company's RTA at: KFIN Technologies Limited, Unit - Signpost India Limited, Selenium Tower B, Plot Nos. 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally Mandal, Hyderabad - 500 032 or E-mail at einward.ris@kfintech.com.

We encourage all shareholders to act promptly within the campaign period to safeguard their entitlement.

For **Signpost India Limited**
Sd/-
Kinjal Mistry
Company Secretary & Nodal Officer

Place : Mumbai
Date : July 6, 2026

GSPL Transmission Limited

Corporate Identity Number : U49300GJ2024SGC153672
Regd Office: GSPC Bhavan, Sector-11, Gandhinagar-382010, Gujarat, India.
Tel.: +91-79-23268500/700 **Fax:** +91-79-23268506 **Website:** www.gspltrans.com

NOTICE INVITING TENDER

GSPL Transmission Limited (erstwhile GSPL) operates approx. 2800 Km of gas pipelines to facilitate gas transmission from supply points to demand centers across Gujarat. GTL invites bids from competent agencies for following requirements vide "Single Stage, Three-Part" open bidding process:

Tender-1:	**Direct Assessment (DA) study of operational natural gas pipelines.**
Tender-2:	**Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) for IT Hardware Infrastructure and renewal of License's subscriptions.**
Tender-3:	**Interchange of Co2 & FM200 flooding Systems between Gundala & Kharapashvariya Terminal of Rajkot Base.**

Aforementioned tenders shall be published online through n-Procure, and bids are accepted through n-Procure (**https://gtltender.nprocure.com/**) only.
Tenders shall be uploaded on n-Procure portal on **07-07-2026.**

---

marico

MARICO LIMITED

CIN: L15140MH1988PLC049208
Registered Office: 7th Floor, Grande Palladium, 175, CST Road, Kalina, Santacruz (East), Mumbai - 400 098.
Tel. no.: +91-22-6648 0480
Website: www.marico.com; **E-mail:** investor@marico.com

38TH ANNUAL GENERAL MEETING OF MARICO LIMITED

Members are requested to note that the 38th Annual General Meeting ("**38th AGM**" or "**Meeting**") of Marico Limited ("**Company**") will be held on **Thursday, August 6, 2026 at 9.00 A.M. IST** through video conferencing/other audio-visual means ("**VC/OAVM**") to transact the businesses to be set out in the notice of the Meeting ("**AGM Notice**"), in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the rules made thereunder, SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("**SEBI Listing Regulations**"), read with General Circular No. 14/2020 dated April 8, 2020, General Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020, General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020, General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 and other related circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs.

In compliance with the above requirements, electronic copies of the AGM Notice and the Integrated Annual Report 2025-26 will be sent to all those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories. Further, a letter providing a weblink and QR Code for accessing the AGM Notice and Integrated Annual Report 2025-26 will be sent to those Members who have not registered their e-mail addresses. The Company shall send a physical copy of the AGM Notice and the Integrated Annual Report 2025-26 to those Members who request for the same at investor@marico.com by mentioning their Folio No./DP ID and Client ID.

The AGM Notice and the Integrated Annual Report 2025-26 will be made available on the Company's website at www.marico.com, on the website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and on the website of Central Depository Services (India) Limited at www.evotingindia.com.

Members can participate in the 38th AGM through the VC/OAVM facility only, as per the details provided by the Company in the AGM Notice. Accordingly, physical attendance of Members has been dispensed with. Members attending the Meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

Voting Information:

The Company will provide the facility to its Members to exercise their right to vote by electronic means both through remote e-voting and e-voting at the 38th AGM. The instructions on the process for joining the 38th AGM, e-voting, including the manner in which Members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail address can cast their vote through remote e-voting or e-voting at the Meeting, will be provided as part of the AGM Notice.

Members who have not registered their e-mail address are requested to register the same in respect of shares held in demat mode with the concerned Depository Participant and in respect of shares held in physical mode, by writing to MUFG Intime India Private Limited, the Registrar and Transfer Agent of the Company ("**RTA**"), at their address C - 101, Embassy 247, L B S Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400 083 or at investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com. In accordance with the aforesaid circulars, the Company has additionally enabled a process for the limited purpose of receiving shareholder communications, including the Integrated Annual Report 2025-26 and the AGM Notice, during the financial year 2026-27 and the Members may temporarily update their e-mail address by accessing the link https://web.in.mpms.mufg.com/EmailReg/Email_Register.html.

Information on Final Dividend:

Members may note that the Board of Directors of the Company at its meeting held on May 5, 2026 recommended a final equity dividend of ₹ 4 per equity share of ₹ 1 each for the financial year 2025-26 ("**Final Dividend**"), subject to approval of the Members at the ensuing 38th AGM. The Final Dividend, if approved by the Members, shall be paid on or before **September 5, 2026** to the Members whose names appear in the Register of Members of the Company as on **Thursday, July 30, 2026**, being the record date fixed for this purpose.

In accordance with Regulation 12 of the SEBI Listing Regulations, **dividend shall be paid only in electronic mode.** In this regard, Members are requested to ensure that their bank account details are updated with their respective Depository Participant/RTA, as the case may be, to enable the Company to make timely credit of dividend in their bank accounts.

Members are requested to note that as per the provisions of the Income Tax Act, 2025 ("**IT Act**"), dividends paid or distributed by a company shall be fully taxable in the hands of the Members. The Company shall therefore deduct tax at source ("**TDS**") (at the applicable rates) at the time of payment of the Final Dividend. The withholding tax rate will vary depending on the residential status of the Member(s) and subject to verification of documents, uploaded by the Member(s) in this regard at https://web.in.mpms.mufg.com/formsreg/submission-of-Form-121-41.html or submitted to the Company's RTA at investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com. Members are requested to upload all documents in accordance with the applicable provisions of the IT Act at the aforesaid link on or before **Thursday, July 30, 2026. The Company shall not consider any documents received post the stipulated date.**

A separate General Communication on TDS on dividend informing the detailed procedure to be followed by Members, documents to be submitted and other details for availing the applicable tax rate was sent to the Members on July 6, 2026. The said communication is also available on the Company's website at https://marico.com/investorspdf/Communication-of-TDS-on-Dividend.pdf.

Reminder to Physical Shareholders for mandatory furnishing of PAN and KYC details:

SEBI has through relevant circulars issued in this regard, mandated furnishing of PAN and KYC (including postal address with pin code, e-mail address, mobile number and bank account details) by Members holding shares in physical form. In view of the same, concerned Members are requested to furnish the requisite documents/information to the RTA at the earliest to be eligible to lodge any grievance or avail any service. Any payments including dividend in respect of such folios wherein any one of the above cited documents/details are not available shall only be made electronically, upon registering all the required details.

SEBI has also mandated the submission of PAN by every participant in the securities market. Accordingly, Members holding shares in dematerialised form are requested to submit their PAN to the Depository Participant(s) with whom they maintain their dematerialised accounts. Further, Members are urged to update their nomination details by contacting the RTA, if shares are held in physical form or their respective Depository Participant(s) if shares are held in dematerialized form. The relevant forms for updating the aforesaid details can be accessed on the RTA's website: www.in.mpms.mufg.com (Resources →Downloads→General→Formats for KYC).

For Marico Limited
Sd/-
Vinay M A
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Mumbai
Date: July 7, 2026

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के दो 'मॉड्यूल' का किया भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े पाकिस्तान समर्थित दो कथित 'मॉड्यूल' का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से पेट्रोल बम, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक 'मॉड्यूल' को पाकिस्तान स्थित आकाओं ने पेट्रोल बम का उपयोग कर दिल्ली में आतंकवादी हमला करने का काम सौंपा था, जबकि दूसरा कथित तौर पर ड्रोन से सीमा पार से भारत में तस्करी किए गए हथियारों को प्राप्त करने और उन्हें बेचने में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को शहजाद भट्टी के पाकिस्तान स्थित सहयोगियों द्वारा निर्देशित किया जा रहा था और वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के इशारे पर काम कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ की टीमों ने दोनों 'मॉड्यूल' को भंडाफोड़ किया और अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस के मुताबिक, पहला 'मॉड्यूल' पाकिस्तान स्थित राणा हुनैन द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो भट्टी का कथित सहयोगी है। अधिकारी ने कहा, ₹इसे पेट्रोल बमों का इस्तेमाल कर कथित तौर पर दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान या पुलिस प्रतिष्ठान पर हमला करने का काम सौंपा गया था।₹ पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के निवासी दो आरोपियों- दानिश उर्फ चांद मिया (24) और सलमान (20) को साजिश को अंजाम देने से पहले दिल्ली के विजय घाट इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से तीन पेट्रोल बम, चोरी की एक मोटरसाइकिल, 2,000 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किए गए जिनमें पाकिस्तानी आकाओं के साथ कथित बातचीत, तस्वीरें और वीडियो हैं। पुलिस के मुताबिक, दानिश ने खुलासा किया कि वह इस साल अप्रैल में सोशल मीडिया के माध्यम से राणा हुनैन के संपर्क में आया था और उसे दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और पुलिस प्रतिष्ठानों सहित संभावित लक्ष्यों की टोह लेने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने कहा कि हमले को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उसे 20,000 रुपये देने का वादा किया गया था और वह पाकिस्तान में बैठे अपने आका से फोन पर निर्देश प्राप्त कर रहा था। पुलिस ने कहा कि दानिश का दोस्त सलमान उसके साथ दिल्ली आया था और उसे हमले के वीडियो रिकॉर्ड करने की भूमिका सौंपी गई थी। उसे भी 20,000 रुपये देने का वादा किया गया था। पुलिस ने कहा कि दूसरा 'मॉड्यूल' सीमा पार हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा है, जिसे पाकिस्तान स्थित एक अन्य आका हसन गुज्जर द्वारा संचालित किया जा रहा था। इसके भी भट्टी से जुड़े होने का दावा किया जाता है। अधिकारी ने कहा कि गिरोह को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से भारत में तस्करी किए गए अत्याधुनिक हथियारों की खेप मिली। इन हथियारों की बिक्री से प्राप्त पैसे से देश में आतंक और आपराधिक गतिविधियों को वित्तपोषित करना था। पुलिस ने कहा कि 'मॉड्यूल' के तीन सदस्यों - दिल्ली के शाहीन बाग के तैय्यब (27), गाजियाबाद के जुबैर खान (24) और मेरठ के अली फजल (26) को कालिंदी कुंज इलाके से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से तीन पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए। 'मॉड्यूल' के चौथे आरोपी मल्कियत सिंह (36) को बाद में पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने कथित तौर पर आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई दो कारों को जब्त कर लिया। इसके अलावा मोबाइल फोन भी मिले हैं जिनमें बातचीत, तस्वीरें और वीडियो हैं जो उन्हें पाकिस्तानी आका से कथित तौर पर जोड़ते हैं। पुलिस ने कहा कि तैय्यब ने सोशल मीडिया के माध्यम से गुर्जर के साथ संपर्क स्थापित किया था और उसे भारत में तस्करी किए गए हथियारों की आवाजाही और बिक्री की व्यवस्था करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने दावा किया कि तैय्यब ने अपने सहयोगी जुबैर खान को अमृतसर की यात्रा करने और मल्कियत सिंह से पिस्तौल और कारतूस की खेप प्राप्त करने का निर्देश दिया था। जुबैर ने बाद में ये हथियार दिल्ली और उत्तर प्रदेश में संभावित खरीदारों को बिक्री के लिए अली फजल को सौंप दिए। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि दोनों 'मॉड्यूल' पाकिस्तान स्थित अलग-अलग आकाओं के तहत पृथक रूप से काम कर रहे थे, लेकिन अंततः शहजाद भट्टी गिरोह से जुड़े हुए थे।

काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए सरकार का पेड़ लगाने का शुरू होने वाला अभियान बहुत कम : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा आज शुरू किए जाने वाले पौधारोपड़ अभियान पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए सोमवार को कहा कि 12 सालों में दिल्ली में काटे गए पेड़ों की भरपाई के लिए यह 70 साल पेड़ लगाने का दिल्ली सरकार का अभियान बहुत कम और देर से उठाया गया कदम है। यादव ने कहा कि सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 12 सालों में दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लिए 1 लाख 50 हजार से ज्यादा पेड़ों को काटने या हटाने की कानूनी मंजूरी दी गई थी। इस संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई या तूफान से हुए नुकसान शामिल नहीं हैं।

निगम की वार्ड समितियों के चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन 10 और चुनाव 15 जुलाई को

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने 12 वार्ड समितियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। निगम सचिवालय के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन के लिए 10 जुलाई 2026 तय की गई है, जबकि चुनाव के लिए 15 जुलाई 2026 रखी है। सचिवालय के अनुसार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ ही छह जोन मध्य, नरेला, शाहदरा साउथ, नजफगढ़, केशवपुरम और करोल बाग में स्थायी समिति सदस्यों का भी चुनाव होना है। क्योंकि इनके सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। निगम सचिवालय द्वारा चुनावों की तारीख घोषित करते ही भाजपा व आम आदमी पार्टी में जहां अपने वर्तमान जोन पर कब्जा बनाए रखने के लिए राजनीतिक खेल शुरू हो गया है। वहीं भाजपा व आप पार्टी एक दूसरे को गच्चा देकर नए जोन पर अपना कब्जा करने के लिए गोटियां फिट करने के लिए गुणा भाग में लग गए है। बता दें कि निगम के 12 जोन में से इस समय 8 जोन पर भाजपा का कब्जा है जबकि 4 जोन पर आप पार्टी का कब्जा है। निगम की वार्ड समितियों के चुनाव न केवल जोन पर कब्जे की लड़ाई है। बल्कि असली ताकत कही जाने वाली, यानी निगम की सबसे शक्तिशाली स्थायी समिति के गठन का रास्ता साफ करने के लिए दिशा और दशा भी तय करेंगें। किसी भी दल के लिए वार्ड कमेटी के चुनाव कई मायनों में अहम होते है। जब तक इन कमेटियों पर कब्जा नहीं होगा, तब तक स्थायी समिति में अपना दबदबा नहीं बना सकती। जाहिर है जोन और स्थायी समिति में जिस दल का कब्जा होगा, उसी के पास निगम प्रशासन की कमान होगी। निगम की यही वह शक्तिशाली समिति है जो निगम के विकास व अन्य मदों पर खर्च होने वाले लाखों करोड़ों के कार्यों को मंजूरी प्रदान करती है। स्थायी समिति का अध्यक्ष जिस दल का होगा वही दल निगम पर राज करता है।

दिल्ली नगर निगम सचिवालय की एक गलती सचिव से लेकर उनके मातहत कार्य करने वालों की बनी हंसी का कारण बन गई है। अब इसे गलती कहें या नासमझी कि सचिवालय ने जो अधिसूचना जारी की है उसमें नाम वापस लेने की अंतिम तारीख में दो दिन की असमानता पैदा कर दी है। सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना में एक तरफ तो लिखा है कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 है। वहीं दूसरी तरफ साथ में यह भी लिख दिया है कि भरे हुए नामांकन पत्र चुनाव की तिथि से ठीक 3 दिन पूर्व तक जमा किये जा सकते हैं। अब ऐसे में दिक्कत यह पैदा हो गई है कि नामांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 है तो फिर, चुनाव की तिथि से ठीक 3 दिन पूर्व तक नामांकन जमा किए जा सकते है लिखकर भ्रम क्यों पैदा किया गया। अब किसे अंतिम तारीख माना जाए, 10 जुलाई 2026 या फिर चुनाव से तीन दिन पहले यानी 12 जुलाई 2026।

टैटू की मदद से अज्ञात शव की पहचान बदले के लिए की गई थी हत्या

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान उसके हाथ पर बने टैटू से की और मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जिन्होंने बदला लेने के लिए व्यक्ति की कथित रूप से हत्या की थी और चेहरे को बुरी तरह से विकृत कर दिया था। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने एक बयान में कहा, "मृतक की पहचान उत्तरी दिल्ली के नेहरू विहार के रहने वाले चंदन सैनी (34) के तौर पर हुई है। उसका शव 21 मई को वज़ीराबाद के यमुना खादर इलाके में मिला था और शव पर चाकू से वार के कई घाव थे। अधिकारी के अनुसार, मृतक का चेहरा बुरी तरह विकृत था, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल था। हालांकि, पुलिस ने उसके हाथ पर टैटू देखे जिनमें से दो नाम के और एक कोई चिह्न था।

इसकी तस्वीर स्थानीय स्तर पर प्रसारित की गई, जिससे पुलिस उसकी पहचान कर पाई। जांच में पता चला कि सैनी तिमारपुर थाना क्षेत्र का बुरे चरित्र (बीसी) का अपराधी था और वह झपटमारी, सेंधमारी तथा चोरी के पांच मामलों में शामिल रह चुका था। वज़ीराबाद थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद मामले की जांच करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए संयुक्त टीम बनाई गई। मामले में अहम सुराग तब मिला जब सैनी के साथी और तिमारपुर थाने के 'हिस्ट्रीशीटर' सुरजीत से पूछताछ की गई। उसने पुलिस को

■ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

बताया कि सैनी की तरुण उर्फ टन्नी से पुरानी दुश्मनी थी तथा वह अक्सर उसे और उसके दोस्तों को अपशब्द कहता था। पुलिस के अनुसार, उसने यह भी बताया कि हत्या से ठीक दो दिन पहले 18 मई को झगड़ा हुआ था, जिस दौरान सैनी और उसके साथियों ने तरुण के भाई सौरभ के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी और उसे अगवा करने की कोशिश की थी। अधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि पंजाब के अमृतसर में रहने वाला तरुण का रिश्ते का भाई सनी और धीरज 18 मई को तरुण के घर आए थे और घटना के बाद से ही वे फरार थे। बांठिया ने कहा कि पांच जुलाई को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने गाज़ियाबाद के लोनी से धीरज को पकड़ा। उससे पूछताछ के बाद, उसी दिन बाद में उत्तरी दिल्ली से तरुण और सनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान, तरुण ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई पर हुए हमले का बदला लेने के लिए सैनी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, उसने सनी और धीरज को साथ लिया, एक ऑटो-रिक्शा किराए पर लिया और शराब पीने के बहाने सैनी को उसके घर से साथ ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने ऑटो-रिक्शा के अंदर ही सैनी के साथ मारपीट की और फिर उसे यमुना खादर के पास एक सुनसान इलाके में ले गए, जहां उन्होंने चाकू से कथित रूप से कई बार वार कर उसकी हत्या कर दी और दिल्ली से फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी जगह बदलते रहे और मुंबई, अमृतसर, जम्मू, कटरा, हरिद्वार, गाज़ियाबाद में लोनी तथा दूसरी जगहों पर घूमते रहे।

एनडीएमसी के फ्लैट से गिरने के बाद नवविवाहिता की मौत मामले में पति दबोचा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के एक आवासीय परिसर की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद 28 वर्षीय नवविवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। महिला के परिजनों ने उसके पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, पुष्प विहार निवासी आकृति शनिवार को पालिका कुंज स्थित एनडीएमसी फ्लैट्स के बी-ब्लॉक की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि आकृति की शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को हुई थी। वह छतरपुर स्थित एक निजी कंपनी में 'सेल्स एग्जीक्यूटिव' के पद पर कार्यरत थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को लोधी कॉलोनी थाने में दहेज मृत्यु से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और महिला के पति अरस्तु सिक्का को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि चूंकि महिला की मौत शादी के सात वर्ष के भीतर हुई है, इसलिए कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच के लिए उप-मंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को भी सूचित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हालांकि, महिला के परिवार ने आत्महत्या की आशंका को खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि कथित तौर पर दहेज के लिए आकृति की हत्या की गई है। आकृति के छोटे भाई ने आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने के लिए इस घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। परिजनों का यह भी आरोप है कि शादी के बाद से ही आकृति का पति उससे मारपीट करने लगा और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। परिवार के अनुसार, यह प्रेम विवाह था, जिसे दोनों परिवारों की सहमति प्राप्त थी। उन्होंने कहा कि शादी को महज ढाई महीने हुए थे, इसलिए आकृति की मौत की परिस्थितियां और भी संदिग्ध प्रतीत होती हैं।

आप पार्टी ने हनुमान के बहाने भाजपा को घेरा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने बयान जारी कर अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में चोरी मामले पर एक बार पिर आरोप लगाते हुए घेरा है। इस बार आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली में हनुमान जी भेष में नृत्य कर रहे व्यक्ति की वायरल वीडियो पर तीखा हमला किया गया है। पार्टी द्वारा जारी बयान में आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि हिंदू धर्म का जितना नुकसान और अपमान भाजपा ने किया, उतना बाहर से आए आतताइयों ने भी नहीं किया। केजरीवाल ने कहा कि जितना हिंदुओं को लूटा है, आज तक किसी ने नहीं लूटा, हिंदू धर्म पर आप लोग कलंक हैं। हम भगवान राम और हनुमान जी के भक्त है, उन्हें पूरी श्रद्धा से पूजते हैं और उनके सामने सिर झुकाते हैं।

फर्जी सरकारी पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक वेबसाइट के जरिए फर्जी सरकारी पहचान पत्र बनाने और बेचने में शामिल एक अंतर-राज्यीय गिरोह का कथित तौर पर भंडाफोड़ किया और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन्स' (आईएफएसओ) इकाई के अनुसार, आरोपियों की पहचान दमन और दीव के रहने वाले विदेशी साव और बिहार में पटना के निवासी संतोष कुमार के तौर पर हुई है। आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनीत कुमार ने एक बयान में कहा कि दोनों आरोपी एक वेबसाइट का संचालन करते थे जिस पर ऑनलाइन पैसे का भुगतान करने के बाद व्यक्ति जाली आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन से जुड़े दस्तावेज, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी दस्तावेज बनवा सकता था। उन्होंने कहा कि ये फर्जी दस्तावेज असली सरकारी दस्तावेजों जैसे ही दिखते थे और इनका इस्तेमाल धोखाधड़ी करने, ठगी करने, अन्य की पहचान का इस्तेमाल करने और यहां तक कि असली सरकारी दस्तावेज हासिल करने के लिए भी किया जाता था। डीसीपी ने कहा कि यह मामला सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान सामने आया है। अधिकारी ने बताया कि जानकारी की पुष्टि करने के लिए आईएफएसओ टीम ने मोबाइल फोन नंबर का इस्तेमाल करके इस वेबसाइट पर एक अकाउंट बनाया। इस पर सेवा लेने से पहले व्यक्ति द्वारा 'डिजिटल वॉलेट' में पैसे डालना जरूरी था तो जांचकर्ताओं ने यूपीआई के माध्यम से 100 रुपये स्थानांतरित किए। पुलिस ने बताया कि 'वॉलेट' में पैसे डालने के बाद पुलिस ने फर्जी जानकारी और फोटो अपलोड करके नकली आधार और वोटर आईडी कार्ड बना लिए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि वेबसाइट पर भुगतान प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर और यूपीआई अकाउंट साव से जुड़ा हुआ था।

नशीली दवा मिला शीतलपेय पिलाकर ऑटो यात्रियों को लूटने वाले दो अरेस्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली में ऑटो में सवारियों को नशीली दवा मिला शीतल पेय पिलाकर उन्हें लूटने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां 27 जून को दर्ज किए गए मामले के संबंध में की गईं। इस मामले में एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ मिला शीतल पेय पिलाकर बेहोश करने के बाद कथित तौर पर लूट लिया गया था। पुलिस के अनुसार, पीड़ित एक अज्ञात व्यक्ति के बहकावे में आकर नारायणा रोड पर जानकी दास बस स्टैंड से एक शेयरिंग ऑटो-रिक्शा में सवार हुआ था। यात्रा के दौरान, आरोपी का दूसरा साथी ऑटो में सवार हो गया और कथित तौर पर पीड़ित को नशीला पदार्थ मिला शीतल पेय पीने को दिया। अधिकारी ने कहा कि शीतल पेय पीने के बाद,

पीड़ित बेहोश हो गया, जिसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उसका मोबाइल फोन, लगभग 15,000 रुपये नकद, एक बैग और अन्य सामान चुरा लिया और उसे एक सुनसान स्थान पर छोड़ दिया। जांचकर्ताओं ने तकनीकी निगरानी और क्षेत्र में पूछताछ करने के अलावा, जानकी दास बस स्टैंड, शादीपुर फ्लाईओवर, पटेल रोड, मोती नगर और कीर्ति नगर सहित कई स्थानों की सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। इस कवायद से ऑटो-रिक्शा और उसके चालक राज कुमार उर्फ राज की पहचान हो गई। उन्होंने बताया कि उससे पूछताछ पर उसके सहयोगी कासिम उर्फ सलमान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान, कासिम ने कथित तौर पर खुलासा किया कि दोनों ने अकेली सवारियों, मजदूरों और सामान ले जा रहे दिहाड़ी मजदूरों को निशाना बनाया। पुलिस ने कहा कि वे पीड़ितों का विश्वास जीतते थे, उन्हें 'एटीवन' (नींद की गोलियां) मिला शीतल पेय पीने को देते और उनके बेहोश होने के बाद उन्हें लूट लेते थे और सूनसान जगह पर छोड़ देते थे। अधिकारी ने कहा कि अपराध में इस्तेमाल किया गया ऑटो-रिक्शा, पीड़ित का मोबाइल फोन, एक अन्य मोबाइल, 9,000 रुपये नकद, एक बैग और अन्य सामान उनके कब्जे से बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि आरोपियों और बरामद सामान के रिकॉर्ड का सत्यापन करने पर पता चला है कि पश्चिम विहार पूर्व तथा नारायणा थानों में दर्ज इस तरह के दो मामलों में भी उनकी संलिप्तता है।